न्यायालय–मुंसिफ, नरकटियागंज

निष्पादन वाद सं0–22/2015

CIS-EX 14/2018

अमरेन्द्र दुबे..डिक्रीदार

बनाम

नागेन्द्र साह एवं अन्य..मदिउनगण

DATE	**ORDER**	**REMARKS**
25.08.2025	डिक्रीदार की ओर से पैरवी है। मदिउन की पैरवी नहीं है। अभिलेख वादी की ओर से दाखिल आवेदन दिनांक 23.07.2025 पर सुना। **आदेश (ORDER)** डिक्रीदार की ओर से एक आवेदन देकर प्रार्थना किया गया है कि प्रस्तुत वाद में विवादित भूमि पर एक कच्चा खपरैल, एक फूस की झोपड़ी एवं ईट एलबेस्टस का घर है। न्यायालय द्वारा डिक्रीदार को दखल–कब्जा दिलाने हेतु विवादित भूमि पर अवस्थित उपरोक्त वर्णित घरों को तोड़ने हेतु जे0सी0बी0 मशीन की आवश्यक है। डिक्रीदार जे0सी0बी0 मशीन का खर्च वहन करने को तैयार है। अतः श्रीमान् से प्रार्थना है कि नगर पंचायत परिषद, लौरिया कार्यालय में जे0सी0बी का खर्च जमा करने की अनुमति देने की कृपा की जाए। डिक्रीदार के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया। अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत वाद अग्रिम कार्रवाही हेतु नियत है। इस वाद में डिक्रीदार जे0सी0बी के खर्च वहन करने को तैयार है। न्यायहित में डिक्रीदार का आवेदन स्वीकार किया जाता है एवं नगर पंचायत परिषद, लौरिया कार्यालय में जे0सी0बी0 का खर्च जमा करने की अनुमति दी जाती है। वाद दिनांक 25.09.2025 वास्तु अग्रिम कार्रवाही हेतु नियत। लेखापित मुंसिफ नरकटियागंज	